# UPPSC Upper 2015 Paper-II (Prelims)

## [Series-C :: Code - HRM-02]

1. Which of the following words is the antonym of the word 'Auspicious' ?
   (a) Optical (b) Oracular
   (c) Ominous (d) Austere
2. Fill the blank in the following sentence by choosing the most appropriate alternative :
   The story is too fantastic to be ______
   (a) praiseworthy (b) readable
   (c) credible (d) false
3. Choose the alternative which can be substituted for the following:
   'Time after twilight and before night'
   (a) Evening (b) Dawn
   (c) Dusk (d) Eclipse
4. Which of the following alternatives gives the correct form of indirect speech of the given sentence ?
   She said to him, "Why donot you go today ?"
   (a) She said to him that why he donot go today.
   (b) She asked him if he was going that day.
   (c) She asked him why he didnot go today.
   (d) She asked him why he didnot go that day.
5. Which one of the following alternatives gives the correct synonym of the word commemorate'?
   (a) Boast (b) Remember
   (c) Manipulate (d) Harmonise
6. Choose the nearest meaning of the underlined in the following :
   The prices are going up by leaps and bounds.
   (a) irregularly (b) rapidly
   (c) gradually (d) systematically
7. Which of the following words is not a noun ?
   (a) Mention (b) Quench
   (c) Trench (d) Tension
8. Identify the correct Active Voice of the following sentence:
   The clown was being laughed at by them.
   (a) They were laughing at the clown.
   (b) They were laughing on the clown.
   (c) They laughed at the clown.
   (d) They have been laughing at the clown.
9. Choose from the following, the direct speech of the sentence:
   She told me that she would do it next month.
   (a) She said to me, "I shall do it next month."
   (b) She said to me, " I shall do it the coming month."
   (c) She said to me, " I shall be doing it the following month."
   (d) She said to me, "I shall be doing it the next month."
10. Point out the sentence in which the underlined word is an adverb.
   (a) To eat and drink temperately is the best way to preserve health.
   (b) Temperance is the best way to preserve health.
   (c) The best way to preserve health is to be temperate in eating and drinking.
   (d) Temperature goes up if one eats and drinks intemperately.

**Instruction for Question NOs. 11-15.**

Read the following passage carefully and answer the questions. Choose the correct answer from the alternatives based only on the passage given.

Megasthenese declared that there were no slaves in India. He was certainly wrong, but Indian slavery was milder than the form he was used to see in the West and slaves were much less numerous than in the civilizations of the West; hence he may not have recognized the dasa as a slave. The Arthashastra, in many ways more liberal than the religious books, lays down regulations appreciably milder than those we have outlined. The sale of children into slavery is explicitly forbidden except in direemergency. Slaves are entitled to own and inherit property, and to earn money freely in their spare time. Slaves of the upper classes cannot be forced to perform defiling duties. The chastity of slave-girls is protected, the master who rapes a slave-girl must set her free and pay her compensation, and if she has a child by her master, even with her own consent, both mother and child become free. The humane regulations of the Arthashastra, probably unique in the records of any ancient civilization, are perhaps survivals of Mauryan laws, and it is, therefore, not surprising that megasthenese declared that there was no slavery in India.

11. The laws allowed slaves to
   (a) Own and inherit property
   (b) Marry a person of their choice
   (c) Move freely in markets
   (d) read religious books



Drishti IAS

12. According to the passage
    (a) Only members of the lowest class were slaves.
    (b) Only women were slaves.
    (c) Even the members of the upper class were slaves.
    (d) Only men were slaves.
13. When megasthenese visited India he found that
    (a) Slaves were sold in the open market.
    (b) The sale of children into slavery was quite common.
    (c) Slaves were not allowed to earn money in spare time.
    (d) The chastity of slave-girls was protected by law.
14. Why did Megasthenese declare that there was no slavery in India ?
    (a) He did not see any slaves in India.
    (b) Indian slavery was not cruel.
    (c) The Arthashastra made strict laws against slavery.
    (d) The Varnashrama system did not allow slavery.
15. The slave-girl was set free and paid compensation if:
    (a) She was raped by her master.
    (b) She was badly beaten by her master.
    (c) People objected to her being a slave.
    (d) She belonged to the highest caste in society.
16. सर्वथा भिन्न को चुनिए:
    (a) अँगूठी (b) चूड़ी
    (c) टायर (d) प्लेट
17. कथन : क्या विलासितापूर्ण होटलों को भारत में प्रतिबंधित कर देना चाहिए ?
    तर्क (I) : हाँ, ये वे स्थान हैं जहाँ से अंतर्राष्ट्रीय अपराधी कार्यरत होते हैं।
    (II) नहीं, अमीर विदेशी पर्यटकों के ठहरने का कोई स्थान नहीं रह जाएगा।
    अधोलिखित कूटों से सही उत्तर चुनिए :
    (a) न तो तर्क (I) और न तर्क (II) प्रबल है।
    (b) दोनों तर्क (I) और तर्क (II) प्रबल हैं।
    (c) केवल तर्क (II) प्रबल है।
    (d) केवल तर्क (I) प्रबल है।
18. अधोलिखित शब्दों को तार्किक एवं सार्थक अनुक्रम में व्यवस्थित कीजिए :
    1. देश 2. फर्नीचर
    3. जंगल 4. लकड़ी
    5. वृक्ष
    (a) 1, 3, 5, 4, 2 (b) 1, 4, 3, 2, 5
    (c) 2, 4, 3, 1, 5 (d) 5, 2, 3, 1, 4
19. जब कोई निष्कर्ष प्राय: अव्यक्त या व्यक्त रूप में एक सम्भाव्यता कथन के रूप में अभिव्यक्त किया जाता है, तो यह संदर्भित करता है:
    (a) तर्कणा संवाद को
    (b) निगमनात्मक तर्कणा को
    (c) आगमनात्मक तर्कणा को
    (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
20. यदि दिए गए कथन (1) तथा (2) सत्य हैं, तो निष्कर्ष (I) तथा (II) में से कौन निर्गत होगा ?
    कथन (1) : कुछ मंत्री अध्यापक हैं।
    (2) : सभी अध्यापक विद्वान हैं।
    निष्कर्ष (I) : कुछ मंत्री विद्वान हैं।
    (II) : सभी विद्वान अध्यापक हैं।
    (a) केवल निष्कर्ष (I) निर्गत होता है।
    (b) केवल निष्कर्ष (II) निर्गत होता है।
    (c) दोनों निष्कर्ष (I) तथा (II) निर्गत होते हैं।
    (d) न तो निष्कर्ष (I) और न (II) निर्गत होता है।
21. कमला का परिचय देते हुए महेश ने कहा, “इसके पिता मेरे पिता के एकमात्र पुत्र हैं।” महेश कमला से किस प्रकार सम्बन्धित था ?
    (a) भाई (b) पिता
    (c) चाचा (d) पुत्र
22. अधोलिखित में से तीन किसी तरह से एक जैसे हैं और एक भिन्न है। सबसे भिन्न को चुनिए :
    (a) 5878 (b) 5788
    (c) 9748 (d) 6482
23. निम्नलिखित श्रेणी में अगला पद क्या है ?
    2, 15, 41, 80, ?
    (a) 120 (b) 121
    (c) 132 (d) 111
24. आप एक जिले के पुलिस सुपरिन्टेन्डेन्ट (एस. पी.) हैं। आपके पास एक महिला अपने ससुराल पक्ष द्वारा की जाने वाली घरेलू हिंसा के संबंध में आपके पास आती है। राजनीतिक दबाव के कारण उसकी शिकायत स्थानीय थाने में दर्ज नहीं हुई है। एस. पी. के रूप में आप संबद्ध थाने से इसकी पुष्टि भी कर लेते हैं। इस स्थिति में आपकी पहली प्राथमिकता क्या होगी ?
    (a) महिला को राष्ट्रीय महिला आयोग के पास जाने को कहेंगें क्योंकि शिकायत दर्ज कराना कठिन होगा।
    (b) उसको शारीरिक चोट की चिकित्सा रिपोर्ट लाने को कहेंगे।
    (c) ससुराल पक्ष को बुलाएँगे और उनसे कहेंगे कि महिला को चोट न पहुँचाएँ।
    (d) थाने के अधिकारी को कहेंगे कि चिकित्सा परीक्षण के उपरांत उसका केस दर्ज करें।

Drishti IAS

25. विषम शब्द युग्म का चयन कीजिए:
    (a) लुहार : निहाई (b) बढ़ई : आरी
    (c) नाई : कैंची (d) सुनार : आभूषण

26. निम्नलिखित प्रश्न में चार कथन हैं और प्रत्येक कथन में तीन खंड हैं। उस विकल्प का चुनाव कीजिए जिसमें कथन का तीसरा खंड पूर्वगामी दोनों कथनों से, किन्तु केवल एक से नहीं, निगमित किया जा सकता है:
    A. सोनिया अभिनेत्री है। कुछ अभिनेत्रियाँ सुंदर हैं। सोनिया सुन्दर है।
    B. सभी अभिनेता सुंदर हैं। मनोज अभिनेता नहीं है। मनोज सुंदर नहीं है।
    C. कुछ व्यक्ति सिपाही हैं। कुछ व्यक्ति बहादुर हैं। कुछ बहादुर लोग सिपाही हैं।
    D. सभी सिपाही बहादुर हैं। कुछ व्यक्ति सिपाही हैं। कुछ व्यक्ति बहादुर हैं।

    उत्तर:
    (a) केवल C (b) केवल A
    (c) केवल D (d) B और C

27. इस कक्षा के अधिकांश छात्र बुद्धिमान हैं।
    उक्त कथन से निर्गत होने वाले विकल्प को निम्नांकित में से चुनिए:
    (a) कोई भी ऐसा छात्र नहीं है जो बुद्धिमान् न हो।
    (b) कुछ ऐसे छात्र हैं जो कम बुद्धिमान् हैं।
    (c) सभी छात्र बुद्धिमान् हैं।
    (d) कुछ छात्र बुद्धिमान् हैं।

28. दिए गए पाँच कथनों में से तीन में से जो युक्ति निकलती है उसका तार्किक क्रम निर्दिष्ट कीजिए।
    A. यातायात संकुलता पर्यावरण में कार्बन मोनोक्साइड बढ़ाती है।
    B. यातायात संकुलता स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।
    C. कुछ यातायात संकुलता कार्बन मोनोक्साइड में वृद्धि नहीं करती ।
    D. कार्बन मोनोक्साइड में वृद्धि स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।
    E. कुछ यातायात संकुलता स्वास्थ्य के लिए खतरनाक नहीं है।

    उत्तर:
    (a) A B C (b) B D E
    (c) D A B (d) D B A

29. यह द्वीप एक उपनिवेश है किन्तु यह ________ है और अपने मूल देश से कोई आदेश नहीं प्राप्त करता है।
    निम्नलिखित में से लुप्त शब्द को प्राप्त कीजिए:
    (a) तटस्थ (b) सुव्यवस्थित
    (c) स्वायत्त (d) अप्रामाणिक

30. दो मित्रों में से एक अध्ययनशील है और दूसरा मंचीय कलाकार भी है। दूसरे ही दिन उनकी परीक्षा है। इसी रात सुप्रसिद्ध नाटक 'हैमलेट' का मंचन हो रहा है। दोनों क्या निर्णय करेंगे?
    (a) अध्ययनशील नाटक की उपेक्षा करेगा और परीक्षा को महत्त्व देगा जबकि दूसरा नाटक को।
    (b) कलाकार मित्र उसे मनाने की चेष्टा करेगा नाटक देखने के लिए।
    (c) अध्ययनशील मित्र मान सकता है।
    (d) दोनों नाटक से दूर रहेंगे और परीक्षा की तैयारी में लगेंगे।

31. एक घनाभ आकार कमरे की लंबाई, चौड़ाई और ऊँचाई में क्रमश: 10%, 20% और 50% की वृद्धि की जाती है। उसके आयतन में होने वाली प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए:
    (a) 77 (b) 87
    (c) 98 (d) 55

32. निम्नलिखित अक्षर-संख्या शृंखला में अगला पद ज्ञात कीजिए:
    Z1A, X2D, V6G, T21J, R88M, P445P, ?
    (a) N2676S (b) N2676T
    (c) T2670N (d) T2676N

33. निम्नलिखित अक्षरों में से कौन सा अक्षर G और Q के बिलकुल मध्य में है?
    (a) K (b) L
    (c) M (d) N

34. यदि ENGLAND को 1234526 से तथा FRANCE को 785291 से कूट संकेतित किया जाता है तो GREECE को इसी कूट में कैसे लिखा जाएगा ?
    (a) 381191 (b) 381911
    (c) 394132 (d) 562134

35. निम्नलिखित में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर उपयुक्त शब्द रखिए:
    निर्दयी: दयालु :: निष्क्रियता:?
    (a) बुद्धिमत्ता (b) सजगता
    (c) रुचि (d) चतुरता


36. निम्नलिखित में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर संख्या है:
    1, 2, 3, 4, 4, 4, 7, 6, ?
    (a) 8 (b) 7
    (c) 6 (d) 5

37. यदि A की मासिक आय B की मासिक आय से 40% अधिक हो तो B की आय, A की आय से कितने प्रतिशत कम है?
    (a) 20 (b) 28
    (c) $28\frac{4}{7}$ (d) 25

38. वह कौन सा कारक है जो प्रभावी समस्या समाधान में बाधक है?
    (a) प्रकार्यात्मक बद्धता (b) प्रयत्न एवं भूल
    (c) ध्यान भंग (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Drishti IAS

39. आकृति में त्रिभुजों की संख्या है:



(a) 24 (b) 21
(c) 14 (d) 11


40. यदि CASH को ECUJ द्वारा संकूटित किया जाता है, तो BANK का कूट होगा:

(a) DCPM (b) MCDP
(c) PMCD (d) PCMP

41. किसी कक्षा में मोहन योग्यता में शीर्ष से 15वें स्थान पर तथा नीचे से 50वें स्थान पर है। उस कक्षा में कुल कितने छात्र हैं?

(a) 65 (b) 64
(c) 66 (d) 67

42. आकृति पर विचार कीजिए । उस संख्या जो तीनों आकृतियों में है, में से उन संख्याओं का योग जो केवल त्रिभुज में हैं, को घटाने पर प्राप्त संख्या है:




(a) – 4 (b) – 3
(c) 4 (d) 11

43. किसी घड़ी में 3 बजकर 12 मिनट से 6 बजे तक समय बदलने में घंटे की सुई कितने अंश घूम जाएगी ?

(a) 105 (b) 99
(c) 90 (d) 84

44. अक्षरों की श्रेणी
B, F, J, N, R, V, Z, D, H, L, ?
में प्रश्न चिह्न के स्थान पर निम्नलिखित अक्षरों में से कौन सा आएगा ?

(a) M (b) O
(c) P (d) T

45. यदि A = ÷, B = +, C = – तथा D = ×, तो निम्नलिखित में से कौन सा सही है?

(a) 24A6B10 = 5D6C12
(b) 6A4D6 = 4B2D6
(c) 30D4A12 = 30A12D4A5
(d) 108C72 = 78C42


46. राधा सुनीता से कम आयु की है किन्तु रीता से बड़ी है। रीता, गीता से ज्येष्ठ है। श्याम, रीता से ज्येष्ठ है किन्तु राधा से कम आयु का है। सबसे कम आयु का कौन है?

(a) श्याम (b) रीता
(c) राधा (d) गीता

47. आप उत्तर की ओर 1 किमी जाकर दाएँ 1 किमी चले, फिर 1 किमी बाएँ चले, पुनः बाएँ 1 किमी चले । अंत में बाएँ 2 किमी चले । आपका मुँह है:

(a) दक्षिण में (b) पूर्व में
(c) उत्तर में (d) पश्चिम में

48. निम्नांकित पाई-चार्ट किसी परिवार के घरेलू बजट को दर्शाता है जिसमें :






A= भोजन B = यातायात
C= वस्त्र D = विविध खर्च
E= बचत F = मकान किराया


यदि परिवार की मासिक आय ₹ 30, 800 हो, तो मकान किराए पर कितना खर्च होता है?


(a) ₹ 4,600 (b) ₹ 4,620
(c) ₹ 4,640 (d) ₹ 4,650


49. निम्नांकित डिब्बों में से कौन सा एक दिए हुए कागज के पन्ने द्वारा बनेगा ?





(a) 

(b) 

(c) 

(d) 


50. आकृति में लुप्त संख्या है:




(a) 221 (b) 236
(c) 225 (d) 190

51. यदि $x - 2$ से भाग देने पर बहुपदों, $ax^3 - 7x^2 + 7x - 2$ तथा $x^3 - 2ax^2 + 8x - 8$ समान शेषफल देते हों, तो a का मान है:

(a) 0 (b) 1
(c) 2 (d) –1

Drishti IAS

52. A और B मिलकर किसी कार्य को 5 दिन में पूरा करते हैं। यदि A अपनी गति से दुगुनी तथा B अपनी गति से आधी गति से कार्य करें तो वह 4 दिन में पूरा हो जात है। A को अकेले ही इस कार्य को पूरा करने में कितने दिन लगेगें ?

(a) 18 (b) 15
(c) 12 (d) 10

53. दो बेलनों की त्रिज्याएँ 2 : 3 के अनुपात में तथा उनकी ऊँचाइयाँ 5 : 3 के अनुपात में हैं। उनके आयतनों में अनुपात है :

(a) 10 : 17 (b) 20 : 27
(c) 17 : 27 (d) 20 : 37

54. यदि $X = \{8^n - 7n - 1 : n \in IN\}$ तथा $Y = \{49n - 49 : n \in IN\}$ हो, तो

(a) $X \subset Y$ (b) $Y \subset X$
(c) $X = Y$ (d) $X \cap Y = \phi$

55. $x^3 - 6x^2 + 2x - 4$ को $\frac{-3}{2}x + 1$ से भाग देने पर शेषफल है:

(a) $\frac{136}{27}$ (b) $\frac{-136}{27}$
(c) 136 (d) – 136

56. संचयी बारंबारता बंटन:

| चर | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| संचयी बारंबारता | 2 | 11 | 20 | 27 | 30 |

का समांतर माध्य है:

(a) 3.8 (b) 3.5
(c) 3.0 (d) 11.4

57. एक चर के निम्नलिखित मानों
30, 5, 21, 42, 13, 10, 27, 33, 17, 8
की माध्यिका है:

(a) 19 (b) 17
(c) 21 (d) 27

58. 5% वार्षिक ब्याज दर से 3 वर्ष में ₹ 8,000 के चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर है:

(a) ₹ 75 (b) ₹ 69
(c) ₹ 55 (d) ₹ 61

59. किस अनुपात में 25% अल्कोहल को 50% अल्कोहल में मिलाया जाय कि मिश्रण में 40% अल्कोहल हो जाय?

(a) 2 : 1 (b) 3 : 1
(c) 2 : 3 (d) 3 : 2

60. चीनी के दाम में 60% की बढ़ोतरी हो गई है। उसे पुराने दाम पर लाने के लिए उसकी कीमत में कितने प्रतिशत कमी की जानी चाहिए ?

(a) 35% (b) $37\frac{1}{2}\%$
(c) 40% (d) 60%

61. सेब ₹ 50 में 5 की दर से खरीदे गए तथा उतने ही सेब ₹ 50 में 10 की दर से खरीदे गए। उन्हें मिलाकर ₹ 50 में 6 की दर से बेचा गया। प्रतिशत लाभ है:

(a) 20 (b) $33\frac{1}{3}$
(c) $16\frac{2}{3}$
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं


62. किसी समांतर चतुर्भुज के अंत:कोणों के अर्धक बनाते हैं, एक

(a) समांतर चतुर्भुज (b) आयत
(c) समचतुर्भुज (d) वर्ग

63. यदि घन बहुपद $x^3 + ax^2 + bx + c$ का एक शून्यक –1 हो, तो अन्य दोनों शून्यकों का गुणनफल है:

(a) b – a – 1 (b) a – b + 1
(c) b – a + 1 (d) a – b – 1

64. ABC एक समकोण त्रिभुज है जिसमें $\angle A = 90^o$, AD लम्ब है BC पर, AB = 5 सेमी तथा BD = 3 सेमी। तब CD बराबर है:




(a) 5 सेमी (b) $\frac{16}{3}$ सेमी
(c) $\frac{25}{3}$ सेमी (d) 8 सेमी

65. नृत्य अत्यंत परिष्कृत और कलात्मक स्वरूप है:

(a) अशाब्दिक संप्रेषण का
(b) शाब्दिक संप्रेषण का
(c) शाब्दिक एवं अशाब्दिक दोनों सम्प्रेषणों का
(d) भाषा का

66. निम्नलिखित में से कौन असत्य है ?
अंतर्वैयक्तिक कौशल विकसित होते हैं:

(a) अनुकरण द्वारा
(b) सविराम दंड द्वारा
(c) तादात्मीकरण द्वारा
(d) आत्मसात करने के द्वारा

67. निम्नलिखित में से कौन संप्रेषण में गृहीता की कमजोर प्रकार की रुकावट है?

(a) अस्पष्टता (b) शब्दजाल
(c) समय (d) पूर्वग्रह

68. निम्नलिखित में से कौन संकेत असौहार्दपूर्ण समझाा जाता है?

(a) किसी के हाथ को अपने हाथ में लेना
(b) घूरना
(c) दृष्टि संपर्क
(d) मुस्कराना

69. निम्नलिखित में से कौन अंतर्वैयक्तिक सम्बन्धों के निर्माण में समस्या उत्पन्न कर सकता है?
   (a) शर्मीलापन (b) सांवेदिक परिपक्वता
   (c) आग्रहिता (d) तदनुभूति

70. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:
   **कथन (A) :** लोग और उनकी समस्याएँ विलक्षण होती हैं।
   **कारण (R):** सक्रिय श्रवण, उस व्यक्ति को, जिसे सुना जा रहा है, कुछ संप्रेषित करता है।
   नीचे दिए गए कूटों के अनुसार उत्तर दीजिए :
   (a) (A) और (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
   (b) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
   (c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
   (d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

71. सम्बन्धों की संरचना संबंधित है:
   (a) नियंत्रण से (b) संगठन से
   (c) नियोजन से (d) अभिप्रेरणा से

72. निम्नलिखित कारणों में से कौन आगे झुकने के धनात्मक वैयक्तिक संकेत द्वारा अभिव्यक्त किया जाता है ?
   (a) अत्यधिक विश्वास
   (b) चिन्तन के लिए समय लेना
   (c) एकाग्रता
   (d) विश्रान्ति

73. किसी संगठन में सम्प्रेषण, जो प्रकार्यों एवं स्तरों से परे जाता है, वह जाना जाता है
   (a) ऊर्ध्वगामी संप्रेषण के रूप में
   (b) समस्तरी संप्रेषण के रूप में
   (c) विकर्णी संप्रेषण के रूप में
   (d) अधोगामी संप्रेषण के रूप में

74. अंतर्वैयक्तिक कौशल के लिए आवश्यक है कि:
   (a) व्यक्ति को अंग्रेजी, हिन्दी तथा एक अन्य भारतीय भाषा का ज्ञान हो।
   (b) व्यक्ति को अंग्रेजी तथा हिन्दी भाषाओं का ज्ञान हो।
   (c) व्यक्ति को किसी भाषा का ज्ञान हो।
   (d) व्यक्ति किसी भी भाषा में प्रभावशाली ढंग से संप्रेषण कर सके।

75. अंतर्वैयक्तिक कौशल में निम्नलिखित में से कौन सुसंगत नहीं है?
   (a) सकारात्मक अभिवृत्ति
   (b) सहयोगियों के अभिप्राय पर संदेह
   (c) सुनने की तत्परता
   (d) संवेगों के प्रबन्धन की योग्यता

76. अधोलिखित संख्या के चार युग्मों में से तीन में एक सम्बंध है। भिन्न युग्म को चुनिए:
   (a) 4 : 63 (b) 1 : 0
   (c) 5 : 124 (d) 2 : 9

77. अधोलिखित में से तीन एक प्रकार के हैं और एक उनसे भिन्न है। सर्वथा भिन्न को ज्ञात कीजिए:
   (a) घर (b) शहर
   (c) कस्बा (d) गाँव

78. **कथन :** क्या भारत में स्कूली शिक्षा को नि:शुल्क कर देना चाहिए?
   **तर्क (I) :** हाँ, साक्षरता के स्तर को सुधारने का यही एकमात्र उपाय है।
   **(II)** नहीं, आर्थिक ढाँचे पर पहले से ही भारी बोझ और अधिक बढ़ जाएगा।
   नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए:
   (a) केवल तर्क (I) प्रबल है।
   (b) केवल तर्क (II) प्रबल है।
   (c) न तो तर्क (I) और न तर्क (II) प्रबल है।
   (d) दोनों तर्क (I) तथा (II) प्रबल हैं।

79. संप्रेषण के प्रक्रम में प्रथम चरण है:
   (a) कूट संकेतन (b) संदेश
   (c) विसंकेतन (d) ग्रहण

80. निम्नलिखित में से कौन त्योरी चढ़ाने के नकारात्मक संकेत के उत्सर्जन का कारण है ?
   (a) ऊबना (b) अधीरता
   (c) अविश्वास (d) झुंझलाहट

81. निम्नलिखित में कौन 'तत्सम' शब्दों की जोड़ी नहीं है?
   (a) कर्म - विद्या (b) दधि - भात
   (c) मत्स्य - मृग (d) ज्ञान - क्षेत्र

82. 'कर्पट' का तद्भव रूप कौन सा है ?
   (a) कपट (b) कारपेट
   (c) कपूर (d) कपड़ा

83. निम्नलिखित में से सकर्मक क्रिया का वाक्य है:
   (a) मंदाकिनी सोती है।
   (b) बालिका निबंध लिख रही है।
   (c) पक्षी आकाश में उड़ते हैं।
   (d) बालक खिलौना पाकर हँसता है।

84. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य व्याकरण की दृष्टि से अशुद्ध है?
   (a) वह दण्ड देने के योग्य है।
   (b) चार विद्यार्थी नकल करते हुए पकड़े गए।
   (c) मैंने यह पुस्तक पढ़ी है।
   (d) उन्होंने अभी-अभी खाना खाया है।

85. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध वाक्य है?
   (a) मैं सारी रात भर जागता रहा।
   (b) मैं पूरी रात भर जागता रहा।
   (c) मैं सारी रात जागता रहा।
   (d) मैं पूरी रात में जागता रहा।

86. निम्नलिखित में से कौन सा 'रात्रि' का पर्यायवाची नहीं है?

(a) रजनी (b) विभावरी

(c) समीर (d) निशि

87. 'मृगेन्द्र' का पर्यायवाची शब्द है

(a) शार्दूल (b) अहि

(c) हिरन (d) कुरंग

88. बहराइच, सुल्तानपुर, रायबरेली किस बोली के क्षेत्र हैं?

(a) छत्तीसगढ़ी (b) बघेली

(c) ब्रजभाषा (d) अवधी

89. निम्नलिखित में से कौन 'निश्चल' का अर्थ नहीं है ?

(a) जो अपने स्थान से हिल न सके

(b) स्थिर

(c) अचल

(d) निश्चित

90. 'कलेजे पर साँप लोटना' मुहावरे का अर्थ है:

(a) दु:खी होना (b) ईर्ष्या से जल उठना

(c) दुश्मनी निकालना (d) दीनता प्रकट करना

91. 'यथारुचि' में समास है:

(a) तत्पुरुष (b) बहुब्रीहि

(c) अव्ययीभाव (d) द्वन्द्व

92. 'स्थावर' का विलोम शब्द है:

(a) सचल (b) चंचल

(c) चेतन (d) जंगम

93. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है:

(a) कुमुदनी (b) कुमुदिनी

(c) कूमूदनी (d) कूमुदिनी

94. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'गुण' संधि है ?

(a) हिमालय (b) इत्यादि

(c) तल्लीन (d) देवेन्द्र

95. शब्द 'अन्वय' का संधि-विच्छेद है:

(a) अनु + अय (b) अनू + आय

(c) अनू + अय (d) अनु + आय

**प्रश्न संख्या 96 से 100** के लिए निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा प्रश्न संख्या 96 से 100 के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर ही दीजिए।

कुछ महापुरुष तटस्थ होकर चिंतन करते हैं और अन्वीक्षण, चिंतन, मनन, विश्लेषण, संश्लेषण आदि के आधार पर नई व्यवस्था की कल्पना करते हैं तथा नए मूल्यों, नए आदर्शों तथा नई आस्थाओं का सृजन करते हैं। नई व्यवस्था देने वाले ऐसे तटस्थ चिंतक धन्य होते हैं, क्योंकि केवल आलोचना करते रहना तो सरल है किन्तु उपाय बताना कठिन है । मार्क्स ने कुछ उपाय बताए और लेनिन ने उन्हें मूर्त रूप दिया। रूसो, लास्की आदि ने भी उपाय बताए, उन्हें साकार करना अन्य जन पर निर्भर रहा । किन्तु कुछ महापुरुष और भी आगे बढ़ गए। उन्होंने केवल उपाय नहीं बताया बल्कि स्वयं एकनिष्ठा से उस पर आचरण करने के लिए जुट गए । महात्मा गांधी ने जो समझा वही कहा, और जो कहा वही किया। उनके विचार, कथनी और करनी एक ही थे । उनमें अपनी बात कहने और आचरण करने का साहस था। उनका जीवन अपने सुझाए हुए उपायों एवं आदर्शों के आधार पर विहित प्रयोगों और अनुभवों की सजीव शृंखला है। महात्मा गांधी काल के प्रवाह के साथ नहीं बहे। वे युग प्रवर्तक हो गए। गांधी महान और अलौकिक पुरुष थे।

96. इस गद्यांश में लेखक ने यूरोप के कुछ महापुरुषों के विषय में क्या कहा है?

(a) उन्होंने नए मूल्यों की स्थापना की।

(b) उन्होंने कुछ नए आदर्श स्थापित किए।

(c) उन्होंने उपाय तो बताए पर उनका कार्यान्वयन दूसरों पर छोड़ दिया।

(d) वे यथार्थवादी थे।

97. इस गद्यांश में लेखक ने महात्मा गांधी के विषय में क्या कहा है ?

(a) वे केवल सिद्धांतवादी थे।

(b) उनकी कथनी और करनी में अंतर था।

(c) वे केवल आदर्शवादी थे।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

98. 'तटस्थ चिंतन' से क्या अभिप्राय है ?

(a) स्वांत: सुखाय ऊहापोह करना।

(b) एकांत में बैठकर सोचना।

(c) निष्पक्ष होकर सोच-विचार करना।

(d) गंभीर चिंतन करना।

99. उक्त गद्यांश का संबंध निम्नलिखित में से किससे है ?

(a) आदर्शवाद (b) मार्क्सवाद

(c) समाजवाद (d) कर्मवाद

100. इस गद्यांश में लेखक ने मुख्य रूप से क्या वर्णित किया है?

(a) कुछ महापुरुषों का चरित्र-चित्रण किया है।

(b) मार्क्स के सिद्धांतों की व्याख्या की है।

(c) मात्र महात्मा गांधी के चरित्र की विशिष्टता का कारण बताया है।

(d) महात्मा गांधी के सत्याग्रह आंदोलन का महत्त्व मात्र समझाया है।

Drishti IAS